दिनांक: 10.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव वाले क्षेत्रों में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता जोर शोर से पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का दौसा और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में जनसभा का कार्यक्रम है। वहीं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव रामगढ़ में, पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी झुंझुनूं, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर देवली उनियारा और खेल राज्य मंत्री केके विश्नोई खींवसर विधानसभा क्षेत्र में प्रवास करेंगे। उधर, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का आज रामगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा का कार्यक्रम है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आज सलूम्बर में प्रचार की कमान संभाल रहे हैं।

................

प्रदेश के 193 विधानसभा क्षेत्रों में आज सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर लगाकर मतदाता सूचियों में संशोधन के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। उपचुनाव वाले सात विधानसभा क्षेत्रों को छोड़कर बाकी सभी क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–एसएसआर–2025 के तहत ये शिविर लगाए जा रहे हैं। इस दौरान नए नाम जोड़ने, हटाने, पते और फोटो में गलती सुधार के लिए दावे और आपतियों के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। इन शिविरों में मतदान के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए मतदाता शपथ पठन, वोटर हेल्पलाइन एप और निर्वाचन विभाग से जुडी अन्य एप्स की भी जानकारी दी जा रही है।

प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन अगले साल 6 जनवरी को किया जाएगा। इस बीच, उपचुनाव वाले क्षेत्रों में चल रही होम वोटिंग के दूसरे चरण का आज अंतिम दिन है।

................

दिसम्बर में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत विभिन्न जिलों में हो रहे निवेशक सम्मेलन की कड़ी में आज सांचौर में इन्वेस्टर मीट रखी गई है। इसमें उद्योग और वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में उद्यमियों को राज्य सरकार की उद्योगों से जुड़ी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए उपलब्ध संसाधनों के बारे में बताया जाएगा। सांचौर क्षेत्र में सोलर प्रोजेक्ट, रियल एस्टेट, हेल्थकेयर सेक्टर, एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री, हैंडीक्राफ्ट, एजुकेशन और होटल इंडस्ट्री में निवेश करने के लिए उद्यमी आगे आ रहे हैं। अब तक 2 हजार 482 करोड़ रूपए के 46 एमओयू हो चुके हैं। इससे रोजगार के कई नए अवसर सृजित होने की संभावना है।

................

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट के लिए आवेदन प्रक्रिया एक दिसम्बर से शुरू होगी। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर की ओर से आयोजित की जाने वाली यह परीक्षा अगले साल फरवरी महीने में होगी। परीक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी 25 नवम्बर तक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी। परीक्षा शुल्क पूर्व परीक्षा के समान ही रखा गया है।

................

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में पंजीकरण के लिए जैसलमेर में आज डिस्कॉम की ओर से शिविर लगाया गया है। शिविर में आने वाले पात्र लोगों का मौके पर ही पंजीकरण किया जा रहा है। इस दौरान योजना से मिलने वाले विभिन्न लाभों की भी जानकारी दी जा रही है।

................

राज्य के विभिन्न स्थानों पर रात के तापमान में कमी आने से सुबह और शाम सर्दी के असर में थोडी बढोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार लगभग सभी स्थानों पर तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। सबसे कम 11 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान माउंट आबू में दर्ज

किया गया। उदयपुर, जालौर और सीकर में रात का तापमान 15 डिग्री रहा। वहीं राजधानी जयपुर में भी पारा लुढ़क कर 19 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

................

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चार मैचों की टी–ट्वेंटी क्रिकेट श्रृंखला का दूसरा मैच आज खेला जाएगा। यह मैच रात साढ़े आठ बजे से शुरू होगा। शुक्रवार को खेले गए श्रृंखला के पहले मैच में भारत ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका की टीम को 61 रन से हराया था। श्रृंखला का तीसरा मैच बुधवार को सैंचुरियन और चौथा मैच शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा।

................